किसको खबर के कल तेरा ये लाल हो न हो

सुनले भजन मेरे भजन सुर ताल हो ना हो
किसको खबर के कल तेरा ये लाल हो न हो

तेरी किरपा से ही मुझे वरदान ये मिला
मेरे नसीब से चला बरसो ये सिलसिला
किस्मत मेरी ऐसे ही हर साल हो ना हो
किसको खबर के कल तेरा ये लाल हो न हो

मन में उठे सवाल है कैसे दवाऊ मैं
मिल के मेरे जज्बात को लाके सुनाऊ मैं
श्याद ये दिल में फिर कोई सवाल हो न हो
किसको खबर के कल तेरा ये लाल हो न हो

मेरी तो है औकात क्या मुझसे बड़े बड़े
गाते हुए भजन तेरा दुनिया से चल पड़े
सागर मेरा भी कल वही हाल हो न हो
किसको खबर के कल तेरा ये लाल हो न हो

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22101/title/kisko-khabar-ke-kl-tera-ye-lal-ho-na-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |